सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)
डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा 2026

पत्रांक : उ0वि0शि0प0/डी0एल0एड0प्र0प0/ 663 /2026–27 दिनांक 13 नवम्बर 2026

प्रेस नोट

आज दिनांक 13 नवम्बर 2026 को उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर (नैनीताल) के एनेक्सी सभागार में डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा 2026 के आयोजन से सम्बन्धित महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समस्त शहरों के नोडल अधिकारी एवं नोडल केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

बैठक में सचिव, श्री विनोद कुमार ढौंडियाल द्वारा अवगत कराया कि डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा 2026 का आयोजन उत्तराखण्ड प्रदेश में बने 126 परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 18 नवम्बर 2026 को प्रातः 10.00 बजे से 12.30 तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा में 32458 अभ्यर्थी पंजीकृत है। प्रवेश पत्र प्राप्त न होने की दशा व प्रवेश पत्र से सम्बन्धित अन्य समस्या होने पर **अभ्यर्थी अपने द्वारा चयनित प्रथम परीक्षा शहर के नोडल केन्द्र में दिनांक 16 व 17 नवम्बर 2026 को ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रति, दो फोटो, फोटोयुक्त आई0डी0, शपथ पत्र सहित उपस्थित होकर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं। इस वर्ष अभ्यर्थियों की उपस्थिति बायोमैट्रिक पामवेन एवं फेस रिकग्निशन द्वारा भी ली जायेगी,** इस संदर्भ में परीक्षा केन्द्रों हेतु विशेष निर्देश दिये गये। बैठक में सचिव, श्री विनोद कुमार ढौंडियाल द्वारा बैठक की आवश्यकता, उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित प्रतिभागियों को दिशा–निर्देश दिये गये। संयुक्त सचिव श्री सी0पी0 रतूड़ी, उप सचिव श्रीमती सुषमा गौरव व श्री शैलेन्द्र जोशी शोध अधिकारी द्वारा परीक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा अवगत कराया गया कि परीक्षा एक महत्वपूर्ण कार्य है, नकल विहीन एवं पारदर्शी परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक का संचालन श्री शैलेन्द्र जोशी शोध अधिकारी द्वारा किया गया।

13.11.26
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर, नैनीताल